हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 11 जून 2025

11 बिजली निगम कार्यालय में सेवानिवृत्त पर कार्यक्रम...



12 माता मसानी की ओर जाने वाले मार्ग पर चबूतरे पर...



CBSE बोर्ड, हरियाणा बोर्ड व अन्य किसी भी बोर्ड से फेल विद्यार्थी इसी वर्ष फेल विषयों की परीक्षा देकर साल बचाएं।

10th & 12th (NIOS) ओपन से पास करें।

D.R. GROUP OF INSTITUTIONS

महेन्द्रगढ़ नजदीक सतनाली चौक, नारनौल रोड़, महेन्द्रगढ़ Call us: 8059001617, 8059171616

कोसली बिजली बोर्ड के सामने, कोसली Call us: 9050676072

सभी कोर्स सरकारी यूनिवर्सिटी व बोर्ड से पास करें।

B.A., B.Com., B.Sc., M.A.,M.Sc. M.Com., Yoga Teacher, NTT, B.Ed., JBT, LLB, D. Pharmacy

- YOGA TEACHER TRAINING PROGRAMME
- CERTIFICATE IN AGRICULTURE AND ANIMAL HUSBANDRY
- CERTIFICATE IN COMPUTER APPLICATION
- CERTIFICATE IN EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION (NTT)
- CERTIFICATE IN BEAUTY CULTURE & HAIR CARE
- AYRVEDA AND YOGA
- DIPLOMA IN RADIOGRAPHY
- ELECTRICAL TECHNICIAN
- CERTIFICATE IN WELDING
- CERTIFICATE IN PANCHKARMA ASS.

### सर्वर पर लोड अधिक, 2 से 5 बार मांग रहा ओटीपी, नागरिक परेशान

# युवाओं का टूटा सब्र: सीईटी आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने और सरल पोर्टल सुचारु करने की मांग

- कभी जीवित माता माता पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र तो कभी माता पिता का नाम ही नहीं दिखा रहा सरल पोर्टल
- हरियाणा की शादीशुदा महिला का जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए पीहर को जा रहे ओटीपी, रात को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

अलग खबर

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट के आवेदन को लेकर युवाओं में भारी रोष और निराशा देखी जा रही है। एक तरफ जहां आवेदन की अंतिम तिथि नजदीक आ रही है वही दूसरी ओर सरल पोर्टल की धीमी गति और लगातार तकनीकी खराबी ने अभ्यर्थियों की चिंता बढ़ा दी है। युवाओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से सीईटी आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने और पोर्टल को सुचारु रूप से चलाने की तत्काल अपील कर रहे है। हाल ही में 27 से 31 मई के बीच जिन अभ्यर्थियों की फाइलें पास हुई थी उन्हें एसएमएस आने लगे थे जिससे थोड़ी राहत मिली थी। लेकिन यह खुशी ज़्यादा देर टिक नहीं पाई। आठ और नौ जून को दिन भर और रात के समय भी सरल पोर्टल पूरी तरह से धीमा रहा और कई बार तो बिलकुल ही बंद हो गया। जिन युवाओं को अपने आवेदन पूरे करने थे वे इधर-उधर भटकते रहे लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लगी। कैफे और साइबर पॉइंट पर भी भीड़ लगी रही लेकिन पोर्टल न चलने के कारण कोई काम नहीं हो सका। अंतिम तिथि के करीब आते ही युवाओं का धैर्य जवाब देने लगा है। कई अभ्यर्थियों का कहना है कि वे कई दिनों से पोर्टल पर कोशिश कर रहे है लेकिन या तो पोर्टल खुलता नहीं या फिर प्रक्रिया के दौरान ही अटक जाता है। इससे न केवल उनका समय बर्बाद हो रहा है बल्कि मानसिक तनाव भी बढ़ रहा है। आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के कई ऐसे युवा भी है जिनके पास इंटरनेट की सुविधा सीमित है और उन्हें बार-बार कैफे के चक्कर लगाने पड़ रहे है।



नारनौल। सीएचसी सेंटर में आवेदन करते आए युवा।

### युवाओं की मांग सीएम सैनी मुद्दे पर ध्यान दें

*युवाओं ने अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से पुरज़ोर मांग है कि वे इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल ध्यान दें। उनकी प्रमुख मांगें है कि एचएसएससी सीईटी आवेदन की अंतिम तिथि को कम से कम 10-15 दिनों के लिए बढ़ाया जाए ताकि सभी योग्य उम्मीदवार अपने आवेदन सफलतापूर्वक जमा कर सकें। इसके साथ ही सरल पोर्टल की तकनीकी खामियों को तुरंत दूर किया जाए और उसकी गति को सुधारा जाए ताकि अभ्यर्थियों को बेवजह परेशानी न उठानी पड़े। युवाओं का कहना है कि अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बड़ी संख्या में योग्य उम्मीदवार परीक्षा से वंचित रह सकते है जो उनके भविष्य के लिए एक बड़ा झटका होगा।*

### सर्वर डाउन होने की वजह से बार बार करना पड़ रहा आवेदन, समय और पैसे का नुकसान हो रहा

*सीएससी संचालक अजित कुमार ने हरिभूमि टीम को बताया कि सरल पोर्टल के सर्वर पर अधिक लोड होने के कारण साइट बार-बार डाउन हो रही है जिससे जाति प्रमाण पत्र आवेदन करने में काफी परेशानी आ रही है। जिसकी वजह से सीएससी संचालकों को एक आवेदन जमा करने के लिए चार से पांच बार प्रयास करना पड़ रहा है। कई बार तो आवेदन सफलतापूर्वक जमा हो जाता है और आवेदक को संदेश भी मिल जाता है लेकिन एक या दो दिन बाद स्टेटस चेक करने पर नो रिकॉर्ड फाउंड दिखाता है। ऐसी स्थिति में आवेदक को दोबारा आवेदन करना पड़ता है जिससे उन्हें समय और पैसे दोनों का नुकसान होता है।*

### विवाहित महिलाओं के जाति प्रमाण पत्र आवेदन में पीहर से ओटीपी की समस्या

राज्य में जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अब माता-पिता की फैमिली आईडी या उनका मृत्यु प्रमाण पत्र अनिवार्य कर दिया गया है। आवेदन करते समय जीवित माता-पिता की आय सत्यापित करने हेतु उनकी फैमिली आईडी से जुड़े मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाता है जिसके सत्यापन के बाद ही आवेदन जमा होता है। माता या पिता के जीवित न होने की स्थिति में उनका मृत्यु प्रमाण पत्र अपलोड करना आवश्यक है। सीएससी संचालक प्रदीप कुमार ने हरिभूमि टीम को बताया कि जाति प्रमाण पत्र बनवाने में सबसे बड़ी समस्या हरियाणा की विवाहित महिलाओं को आ रही है। इन महिलाओं के आवेदन के लिए उनके माता-पिता की फैमिली आईडी से जुड़ा ओटीपी उनके पीहर के नंबर पर जाता है। चूंकि सरल पोर्टल अक्सर रात के समय ही ठीक से काम करता है ऐसे में रात में पीहर से ओटीपी प्राप्त करना बेहद मुश्किल हो जाता है। इस कारण कई महिलाएं जाति प्रमाण पत्र बनवाने में अत्यधिक परेशानी का सामना कर रही है।

### सर्टिफिकेट डाउनलोड के लिए नया सर्वर

सीएससी संचालक नीरज यादव ने हरिभूमि टीम को बताया कि सरल पोर्टल पर अत्यधिक लोड के कारण सर्टिफिकेट डाउनलोड करने में समस्या आ रही थी। इस परेशानी को दूर करने के लिए अब आवेदकों को एक विशेष टेक्स्ट मैसेज भेजा गया है जिसमें सर्टिफिकेट डाउनलोड करने का सीधा लिंक दिया गया है। आवेदक चाहें तो लिंक का उपयोग कर सकते है या ई-दिशा हरियाणा पोर्टल से भी अपने सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सकते है। उम्मीद है कि इस नए सर्वर और वैकल्पिक व्यवस्था से सरल पोर्टल पर लोड कम होगा और डाउनलोडिंग की प्रक्रिया सुचारु हो पाएगी।

## खबर संक्षेप



मंडी अटेली। राहगीरों को शीतल जल नींबू की शिकंजी पिलाते हुए।

### राहगीरों को शीतल जल नींबू की शिकंजी पिलाई

**मंडी अटेली।** पुराना बस स्टैंड कि दुकानदारों ने मंगलवार को नारनौल–रेवाड़ी मुख्य मार्ग पर राहगीरों को शीतल जल नींबू की शिकंजी पिलाई गई। इस मौके पर विजय कुमार जय गुरुदेव ने बताया कि गर्मी के मौसम में लोगों के द्वारा जगह-जगह शीतल जल प्याऊ लगानी चाहिए। इस दौरान विजय पहलवान, ईश्वर मास्टर अजीत यादव, श्याम सुंदर वर्मा ,सत्यवीर, कृष्ण शर्मा, प्रमोद गोयल ,राहुल यादव, बिजेंदर, मयंक गोयल ,कृष्ण सैनी व समस्त मार्केट के लोग सेवा भाव में लगे हुए थे।

### घर में घुसकर चोरी करने पर 2 पर केस

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव महासर में दो अलग-अलग जगह पर चोरी करने पर पुलिस ने दो पर मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार महासर निवासी मुकेश कुमार में दर्ज शिकायत में बताया कि मंगलवार सुबह दो बजकर 15 मिनट पर घर के अन्दर से ड्रेसिंग की दराज से 2500 से 3000 चोरी हो गए। उसी रात्रि को गांव के ही महेन्द्र सिंह के मकान से भी मोबाईल एवं पैसे चोरी हो गए। बहुत पता करने पर पता चला कि चोरी में शामिल खारीवाड़ा निवासी मनीष एवं महासर निवासी मोनू है। इन दोनों चोरों कानूनी रूप से कार्रवाई की जाए।

### बाबा नरसिंह दास मंदिर से चांदी का छतर चोरी

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव ताजपुर के बाबा नरसिंह दास मंदिर चांदी का छतर व हार्ड डिस्क चोरी हो गई हैं। मंदिर कमेटी के सदस्य ने जिसकी शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस में दर्ज शिकायत में ताजपुर निवासी मन्दिर कमेटी के सदस्य राजाराम प्रधान ने बताया कि बाबा नरसिंह भगवान के मन्दिर में से एक चांदी का छतर एवं सीसीटीवी की हार्ड डिस्क मंदिर के कमरे के अंदर लगी थी जबकि मन्दिर में पुजारी रहता है लेकिन उन्हें भानुप्रताप पर शक है कि वह मन्दिर में बार-बार आता जाता रहता है।

### चाकू से हमला करने के मामले में एक और गिरफ्तार

- आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया

**नारनौल।** आपसी कहासुनी को लेकर मारपीट करने और चाकू से हमला करने के मामले में थाना अटेली की पुलिस टीम ने एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान मनीष वासी रामपुरा के रूप में हुई। आरोपित नया बस स्टैंड अटेली पर मारपीट करने और चाकू से हमला करने की वारदात को अंजाम देने में शामिल था। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में पुलिस द्वारा तीन आरोपितों को पहले गिरफ्तार किया था। शिकायतकर्ता मनीष वासी भौड़ी ने थाना अटेली में दी शिकायत में बताया कि वह कॉलेज में पढ़ता है। एक मई को दिन के समय वह अटेली कालेज में उसके दोस्त को बाईक पर एग्जाम दिलाने गया था, जहां गेट पर उज्जवल व निक्की खडे थे, जिन्होंने पास से मोटरसाईकिल जाते ही आवाज लगाई कि बाईक उनके पास से कैसे निकाली और बहस शुरू कर दी। इसके बाद वह लगभग 04:20 पीएम पर अटेली नए बस स्टैंड से जब घर जा रहे थे तो उज्जवल, राहुल, मनजीत, शक्ति, नवीन, साहिल, अरूण व तीन-चार अन्य ने उनकी बाईक रोककर मारपीट शुरू कर दी, उनके पास लाठी–डण्डे, रॉड व तेजधार चाकू थे। लोगों ने छुटवाया, राहुल ने जान से मारने कि नियत से पहले चाकू मारा जो उसके बाएं हाथ में लगा, फिर उसने हेमन्त को छाती पर चाकू मारना चाहा पलटने पर चाकू उसकी कमर मे लगा।

## हमीदपुर बांध के मजबूतीकरण का काम अंतिम चरण में, 159 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान

### डीसी डॉ विवेक ने किया निरीक्षण, बोले जल संचयन में बांध निभाएगा अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा सरकार जल संचयन तथा संरक्षण पर विशेष फोकस कर रही है। इसी उद्देश्य को लेकर जिला महेंद्रगढ़ में हमीदपुर बांध के मजबूतीकरण का कार्य चल रहा है। बारिश के सीजन में एक तरफ यहां जल का संचयन होगा वहीं बांध मजबूत होने से जान-माल का नुकसान भी नहीं होगा। इस कार्य का निरीक्षण करने के लिए मंगलवार उपायुक्त डॉ विवेक भारती खुद हमीदपुर बांध पर पहुंचे तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि बारिश के सीजन से पहले हमीदपुर बांध के कार्य को पूर्ण किया जाए। संबंधित विभाग को इस सम्बंध में हिदायत दी गई है कि अधिकारी मौके पर रहकर कार्य को पूर्ण करवाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाबद्ध तरीके से हमीदपुर बांध का कार्य करवाया जाए। उन्होंने कहा कि यह बांध बनाने का मुख्य लक्ष्य जल का संचयन करना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इस सम्बंध में लगातार अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करके दिशा-निर्देश देते रहे हैं। सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश खत्री ने बताया कि इस बांध की लम्बाई 4600 फीट स्पिलवे के दाईं तरफ और 6500 फीट बाईं तरफ है। इस परियोजना पर 159 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है।



नारनौल। हमीदपुर बांध का निरीक्षण करते डीसी डॉ विवेक भारती।

## सरपंच का रास्ता रोक की मार पिटाई

- जान से मारने की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नांगल चौधरी के गांव नायन के सरपंच के साथ मारपीट करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने तथा उसको जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस बारे में सरपंच ने पुलिस में शिकायत दी थी, मगर पुलिस द्वारा मामला दर्ज नहीं किया गया। जिसके बाद सरपंच ने एसपी को शिकायत दी। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एसपी ने मामला दर्ज करने के लिए संबंधित थाना को लिखा। जिसके बाद पुलिस ने बीएनएस की धारा 115,126(2),351(2),3(5) के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस को दी गई शिकायत में नांगल चौधरी के गांव नायन के सरपंच सतीश कुमार ने बताया कि वह तीन साल से सरपंच पद पर हैं। गत 23 मई को वह अपने घर से किसी कार्य से जा रहा था। रास्ते में गांव नायन के सरजीत व राजस्थान के दुधवा गांव निवासी हर्ष ने उसका रास्ता रोक लिया। इसके बाद दोनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस पर उसने उसके साथ मारपीट करने का कारण पूछा तो उन्होंने कहा कि वे उसको गांव में कोई भी विकास कार्य नहीं करने देंगे। इस दौरान उसने फोन करके पुलिस को बुला लिया। मौके पर पुलिस पहुंच गई। जिसके बाद दोनों बदमाश वहां से उसको जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। अगले दिन नांगल चौधरी थाना में घटना की शिकायत दी, मगर पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके बाद उसने एसपी को लिखित में शिकायत दी। एसपी को शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की। एफआईआर में यह भी अंकित किया गया है कि पुलिस ने मौका घटनास्थल पर पहुंचकर तस्दीक अमल में लाई गई और मौजिज व्यक्तियों की पूछताछ में मुदई सरपंच सतीश को सरजीत द्वारा गन लगाना व पंचायत कार्यों में बाधा डालना व फिरौती मांगना तस्दीक नहीं हुआ। मामला सरपंच के साथ आरोपितों द्वारा रास्ता रोककर मारपिटाई व जान से मारने की धमकी देना तस्दीक हुआ है।


**फॉलोअप :**

## बवानिया में पीएचसी मंजूर करवाने के लिए सरपंच प्रतिनिधि ने की सांसद से मुलाकात

- आधा दर्जन से भी अधिक गांवों का सामूहिक मांग पत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव बवानिया के सरपंच प्रतिनिधि संजीव ने दिल्ली निवास पर सांसद धर्मबीर सिंह से मुलाकात की। संजीव ने बताया कि गांव बवानिया एक बड़ा गांव है तथा ये आसपास के आधा दर्जन से भी अधिक गांवों का केंद्र है। गांव में पीएचसी की सख्त आवश्यकता है। इसके लिए उन्होंने दिल्ली पहुंचकर सांसद धर्मबीर सिंह से मुलाकात की। सांसद को आधा दर्जन से भी अधिक गांवों का एक सामूहिक मांग पत्र सौंपकर निवेदन किया कि नई जीआईएस मैपिंग करवाई जाए तथा गांव बवानिया एवं आसपास के गांवों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करवाने के लिए गांव बवानिया में पीएचसी का निर्माण करवाया जाए। संजीव ने बताया कि सांसद धर्मबीर सिंह ने इस पर अपनी सैद्धांतिक मंजूरी देते हुए मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर निवेदन किया है कि इस बारे आवश्यक निर्देश जल्द ही दिए जाए।



महेंद्रगढ़। सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह को मांग पत्र सौंपते हुए।

### आज आएगा नहर में पानी, 13 से शहर को मिलेगा रेगुलर पानी

## 18 दिन से शहर को मिल रहा था एक दिन छोड़कर एक दिन पानी, 20 अप्रैल से विभाग ने शुरू की थी राशनिंग

निर्धारित शेड्यूल से कम मिला था नहरी पानी, जल्द नहर में आ सकता है पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

जवाहर लाल कैनाल में बुधवार को पानी आएगा। जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से दो दिन टैंक भरकर शहर में नियमित रूप से पेयजल सप्लाई की जाएंगी। शहर में शुक्रवार से 18 दिन नियमित पेयजल सप्लाई होगी। बता दें कि महेंद्रगढ़ शहर पूरी तरह से नहरी पानी पर निर्भर है। देवास जलघर से पानी को शहर के अलग-अलग हिस्सों में बने सात बूस्टिंग स्टेशन में भेजा जाता है। यहां से अलग-अलग कॉलोनियों में पानी आपूर्ति होता है। इस बार महेंद्रगढ़ जिला में निर्धारित शेड्यूल से छह दिन में नहरी पानी मिला है। ऐसे में शहर के लोगों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ सकता है। निर्धारित शेड्यूल के अनुसार 16 दिन नहर में पानी आता है तथा 24 दिन बंद रहता है। एक मई से 15 मई तक जेएलएन में पानी की आपूर्ति हुई थी। इसमें तीन दिन तक पानी की गुणवत्ता सही नहीं होने के कारण जलघरों को नहीं भरा जा सका था। महज 12 दिन ही जेएलएन में पानी उपलब्ध हो पाया था। विभाग की ओर से 20 मई से पानी की राशनिंग शुरू कर दी गई थी।




महेंद्रगढ़। जनस्वास्थ्य कार्यालय महेंद्रगढ़। फोटो: हरिभूमि

### क्या कहते हैं एसडीओ

*जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ जियाराम ने बताया कि बुधवार को नहर में पानी पहुंच जाएगा। दो दिन तक देवास में बने टैंकों में पानी भरा जाएगा। इसके बाद शहर में नियमित रूप से पेयजल सप्लाई की जाएंगी।*

### शहर के अलग-अलग हिस्सों में होती है प्रतिदिन 6.45 लाख लीटर पानी की आवश्यता


नहरी पानी पर आधारित देवास जलघर में 85 लाख लीटर पानी की क्षमता के चार टैंक बने हुए हैं। देवास जलघर से पानी को शहर के अलग-अलग हिस्सों में बने सात बूस्टिंग स्टेशन में भेजा जाता है। यहां से अलग-अलग कॉलोनियों में पानी आपूर्ति होता है। इन सात स्टेशनों से स्टेशन से शहर की करीब 50 हजार की आबादी को पानी दिया जाता है। प्रतिदिन शहर की आबादी को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 155 लीटर पानी के हिसाब से कुल 6.45 लाख लीटर पानी की आवश्यकता होती है। इस हिसाब से जन स्वास्थ्य विभाग के पास शहर को नियमित आपूर्ति के लिए महज 10 दिनों का ही पानी स्टोर हो सकता है। इसके बाद विभाग द्वारा पानी की राशनिंग शुरू कर दी जाती है। देवास जलघर में तीन बोरवेल भी बने हुए हैं, लेकिन इन बोर से पेयजल आपूर्ति बनाए रखना चुनौती से कम नहीं है।



# जासूस बन मर्डर की गुत्थी सुलझाने निकले दिलजीत

**मुंबई।** एक्टर और सिंगर दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'डिटेक्टिव शेरदिल' का ट्रेलर मंगलवार 10 जून को रिलीज किया गया। फिल्म में दिलजीत एक जासूस की भूमिका में हैं, जो एक मर्डर केस की गुत्थी सुलझाते हैं। फिल्म में सस्पेंस का डोज है तो कॉमेडी के भी छींटे हैं। रवि छाबड़िया के निर्देशन में बनी इस फिल्म को अली अब्बास जफर ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। दिलजीत एक अनोखे डिटेक्टिव के रूप में नजर आए हैं। वे फिल्म में बोमन ईरानी के किरदार के मर्डर की गुत्थी सुलझाते हैं। गंभीर किरदार को भी उन्होंने इस तरह अदा किया है कि दर्शकों को हंसने के भरपूर मौके मिलेंगे।

लाइफ Style



# जैस्मिन
## ताना मारने वालों को जमकर लताड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जैस्मिन भसीन और अली गोनी अब लिव-इन रिलेशनशिप में रहते हैं। वे कई साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। कई बार जैस्मिन को आलोचना का सामना करना पड़ता है, क्योंकि अली मुस्लिम हैं और वो हिंदू।

अब इस पर जैस्मिन ने करारा जवाब दिया है और बोलती बंद कर दी है। टीवी एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। टीवी का उनका सफर अब पंजाबी फिल्मों तक पहुंच गया है और वो बॉलीवुड में भी कदम रखने के लिए कमर कस रही हैं। वो अक्सर बॉयफ्रेंड अली गोनी के साथ अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में रहती हैं। उन्होंने हाल ही में इस पर बात की और धर्म के आधार पर उन्हें ट्रोल करने वालों को भी करारा जवाब दिया है। जैस्मिन ने अपने रिश्ते पर लोगों की राय पर भी चुप्पी तोड़ी। खासकर इसलिए, क्योंकि दोनों का धर्म अलग है।

उन्होंने कहा, 'ये रिश्ता हम दोनों के बीच है। हमारे बीच अंडरस्टैंडिंग है। हमने ये बातचीत की है। हम एक कॉमन ग्राउंड पर पहुंच गए हैं, हमने एक-दूसरे को वैसे ही स्वीकार कर लिया है, जैसे हम हैं। हम अपने बीच सुलझे हुए हैं। इसलिए किसी की राय मायने नहीं रखती। फिर भी, अगर लोग निगेटिव राय देते हैं, जो हमारे रिश्ते को प्रभावित कर सकती है, तो उन्हें शर्म आनी चाहिए। दुनिया को प्यार और पॉजिटिविटी की जरूरत है। अगर दो लोग खुश हैं तो दूसरे अपने बेवकूफी भरी राय अपने पास रख सकते हैं।

हॉलीवुड मसाला



# निक ने मुझे छोड़ा, पसंद करती हूं

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार माइली साइरस कभी सिंगर निक जोनस को डेट करती थीं, जिन्होंने बाद में प्रियंका चोपड़ा के साथ घर बसा लिया। माइली साइरस ने अब एक इंटरव्यू में निक जोनस संग अपने रिश्ते और ब्रेकअप पर खुलकर बात की है। माइली अब 'समथिंग ब्यूटीफुल' से कमबैक कर रही हैं। दोनों 2009 में भी साथ थे, पर बीच-बीच में उनका रिश्ता टूटता-जुड़ता रहा। ग्रैमी अवॉर्ड विनर माइली साइरस ने कहा, 'मुझे निक जोनस पसंद है। मैं उससे प्यार करती हूं।



# दुआ से 5 साल छोटी हैं हमशक्ल बहन रीना...

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल सेंसेशन और सिंगर दुआ लीपा की बहन रीना लीपा चर्चा में हैं। उन्हें देखकर सभी हैरान हैं। फैंस का कहना है कि रीना एकदम दुआ की तरह ही दिखती हैं। हमशक्ल लगती हैं। उनके पोस्ट वायरल हो रहे हैं। बता दें कि दुआ से रीना 5 साल छोटी हैं। फेमस सिंगर दुआ लीपा की छोटी बहन रीना लीपा सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने अपनी बहन दुआ के साथ एक फोटो शेयर की और ये रातोंरात वायरल हो गई। उन्हें देखकर फैंस चौंक गए हैं। उनका कहना है कि दोनों हुबहू एक जैसी दिख रही हैं। इस पोस्ट के बाद ही फैंस को पता चला कि दुआ की एक बहन है, जो बिल्कुल उनकी तरह दिखती हैं। दोनों बहनों के वेकेशन की फोटो को 9 मिलियन से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं।



# श्री महाकालेश्वर मंदिर के किए दर्शन...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर महेश मांजरेकर की बेटी सई मांजरेकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया हैंडल पर श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर की कुछ खास तस्वीरें और वीडियो शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक नोट भी लिखा है। फिल्म 'दबंग 3' से बॉलीवुड में अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस सई मांजरेकर ने इंस्टाग्राम पर मंदिर से अपनी कई शानदार तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए हैं। यह सभी तस्वीरें और वीडियोज श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के हैं। उन्होंने इस खास पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, 'बहुत अच्छा दिन।' श्रीमहाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन में है। यह मंदिर भारत में 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। जहां महाकाल विराजमान हैं। महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग शिव को समर्पित एक हिंदू मंदिर है और बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है।



# द दिल्ली फाइल्स का बदला टाइटल...

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज निर्देशक और निर्माता विवेक अग्निहोत्री इस समय अपनी आगामी फिल्म द दिल्ली फाइल्स से चर्चा में हैं। हालांकि, अब इस फिल्म को नए टाइटल के साथ रिलीज किया जाएगा। डायरेक्टर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अब फिल्म का नाम द बंगाल फाइल्स होगा। टाइटल बदलाव के ऐलान के साथ ही निर्देशक ने 'द बंगाल फाइल्स' फिल्म को लेकर दो और बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि फिल्म का टीजर 12 जून को 12 बजे दोपहर में रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म सिनेमाघरो में 5 सितंबर को दस्तक देगी। द बंगाल फाइल्स को पहले स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को रिलीज किया जाना था, जिसे अब बदल दिया गया है। विवेक अग्निहोत्री को लीग से हटकर फिल्में बनाने के लिए जाना जाता है।

टीवी मसाला



# डॉक्टर सालुंखे ने छोड़ दिया सीआईडी

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का पॉप्युलर शो सीआईडी दर्शकों द्वारा पसंद किया जा रहा है। 1998 से 2018 तक चले इस शो को 2025 में फिर से ऑन एयर किया गया। हाल ही में शिवाजी साटम को पार्थ समथान ने रिप्लेस किया था, जिसके बाद खूब बवाल मचा था तो एसीपी प्रद्युम्न को वापस लाया गया था। अब खबर है की इस शो को डॉक्टर सालुंखे भी छोड़कर जा रहे हैं। जिसके बाद लोगों का गुस्सा मेकर्स पर फूट पड़ा है। टीवी शो सीआईडी में शिवाजी साटम, ऋषिकेश पांडे, दयानंद शेट्टी, जानवी छेड़ा, श्रद्धा मुसले, आदित्य श्रीवास्तव, नरेंद्र गुप्ता समेत अन्य कलाकार अलग-अलग किरदार में हैं। लोग नए सीजन और इसकी कहानी को भी खूब पसंद कर रहे हैं। पहले शिवाजी साटम की एग्जिट दिखाई गई। और पार्थ समथान को उनकी जगह पर कास्ट किया गया। हालांकि, बाद में कहानी में मोड़ लाया गया और डॉक्टर सालुंखे को देशद्रोही बताया गया और उनको गिरफ्तार कर लिया गया। डॉक्टर सालुंखे का किरदार नरेंद्र गुप्ता निभा रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी के बाद उनका शो से सफर खत्म हो गया है। अब वह शो में दिखाई नहीं देंगे। अब उनके जाने से फैंस नाखुश हैं। वह मेकर्स पर बेतुके ट्विस्ट लाने के कारण गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, आपने सीआई 2 टीम के साथ क्या किया? आपने डॉक्टर सालुंखे को विलेन क्यों बनाया? इससे अच्छा तो आप डॉक्टर गार्गी को गद्दार बना देते।

## शादी और कुंडली पर पहले दे दी थी चेतावनी

**नई दिल्ली।** इस समय लगभग पूरे देश में सोनम रघुवंशी के बारे में चर्चा हो रही है। उनपर अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या के आरोप लगे हैं। इस मामले में हर दिन, हर पल नए-नए चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। इस बीच



'पंचायत' वेब सीरीज से विकास भाई का एक डायलॉग भी वायरल हो रहा है, जिसमें वो सोच-समझकर शादी करने, कुंडली और विचारों की बात कर रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए यूजर ने लिखा, 'विकास भाई तो पहले ही वार्निंग दे चुके थे।' इसमें विकास का किरदार निभाने वाले एक्टर चंदन रॉय कह रहे हैं, 'हम ये नहीं कह रहे हैं कि आप शादी कर लीजिए, लेकिन जब भी कीजिएगा ना सर, सोच-समझकर कीजिएगा। कुंडली मिले ना, विचारों का मिलना बहुत जरूरी होता है। अगर विचार नहीं मिला, तो पूरा वैवाहिक जीवन अंड का बंड (बर्बाद) हो जाता है।' इस वीडियो पर कई लोग रिएक्शन देते हुए अपनी सहमति दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'सही कहा भाई आपने, मैं आपसे सहमत हूं।'

# मानुषी संग रोमांस करते दिखे राजकुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार इस वक्त अपनी आगामी फिल्म 'मालिक' से चर्चा में हैं, जिसमें एक्टर गैंगस्टर लुक में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का दर्शकों का बड़ी बेसब्री से इंतजार है। अब निर्माताओं ने फिल्म का पहला गाना 'नामुमकिन' रिलीज किया है। इस गाने के जरिए मिस वर्ल्ड विजेता और अभिनेत्री मानुषी छिल्लर पहली बार स्क्रीन पर नजर आई हैं। गाने में दोनों रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं और इनकी केमिस्ट्री देखने लायक है। वे साथ में बहुत प्यारे दिख रहे हैं। 'नामुमकिन' सॉन्ग को वरुण जैन, श्रेया घोषाल, सचिन-जिगर ने मिलकर गाया है। वहीं, इस गाने को अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखा है। 'मालिक' फिल्म का टीजर पिछले हफ्ते रिलीज हुआ था।



इस टीजर में राजकुमार राव का खतरनाक अंदाज दिखा था, जिसमें उन्हें अपने दुश्मनों को बर्बर तरीके से मारते-काटते देखा गया था। फिल्म के टीजर ने दर्शकों के रोंगटे खड़े कर दिए थे। पहली बार अभिनेता का ये अंदाज उनके फैंस देखेंगे। इस समय अभिनेता अपनी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'भूल चूक माफ' से चर्चा में हैं। अब उन्हें फुल टू एक्शन में देखने के लिए तैयार हो जाएं।

# अजीत ने तमाम उतार-चढ़ाव को पार कर फिल्मी दुनिया में बनाई खास जगह

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में 1945 से 1995 तक एक ही विलन का नाम गूंजता था - अजीत खान। उनकी रील लाइफ जितनी दमदार थी, रियल लाइफ उतनी ही मुश्किलों से भरी थी। गरीबी और जिंदगी के तमाम उतार-चढ़ाव को पार कर उन्होंने फिल्मी दुनिया में अपनी खास जगह बनाई। हैदराबाद के गोलकुंडा में 27 जनवरी 1922 को एक मुस्लिम परिवार में जन्मे अजीत खान का असली नाम हामिद अली खान था। एक छोटी सी गली से निकलकर बॉलीवुड के सबसे खतरनाक विलेन बनने का उनका सफर आसान नहीं था। अपने आखिरी दिनों में अजीत हैदराबाद में ही रहे और 22 अक्टूबर 1998 को 76 साल की उम्र में उनका निधन हो गया।



***हीरो बनकर शुरू किया कॅरियर, विलेन बनकर छाए :*** अजीत खान का फिल्मी सफर मुश्किलों से शुरू हुआ। उन्होंने बॉलीवुड में हीरो के तौर पर कदम रखा, लेकिन असली पहचान उन्हें विलेन के किरदारों से मिली। दर्शकों को उनकी एक्टिंग इतनी पसंद आई कि उनकी फिल्में एक के बाद एक बॉक्स ऑफिस पर हिट होती गईं। फिल्मों में आने से पहले हामिद अली खान ने अपना नाम छोटा करके 'अजीत' रख लिया था, क्योंकि उनका असली नाम काफी लंबा था।


## सपनों के लिए घर छोड़ा मुंबई में झेली मुश्किलें

मीडिया खबरों के अनुसार, अजीत खान बचपन से ही एक्टर बनना चाहते थे। इस सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने घर छोड़ दिया और मुंबई चले आए। उनके पास पैसे नहीं थे, इसलिए उन्होंने अपनी किताबें तक बेच दीं। मुंबई में उनके पास रहने की कोई जगह नहीं थी, तो वे सीमेंट की बड़ी पाइपों में सोने लगे। उस समय कुछ गुंडे उन पाइपों में रहने वालों से पैसे वसूलते थे। पैसे न देने पर वे लोगों को मारकर भगा देते थे। एक दिन अजीत को इतना गुस्सा आया कि उन्होंने उन गुंडों से भिड़ंत कर ली। अजीत के सामने कोई गुंडा नहीं टिका और सब भाग गए। इसके बाद वहां रहने वालों के बीच उनकी खूब इज्जत हो गई। अजीत खान की जिंदगी की ये कहानी उनके जुनून और हिम्मत को दिखाती है, जिसने उन्हें बॉलीवुड का सबसे यादगार विलेन बनाया।

## अमीर पति की हत्या करवाने के लिए अपने प्रेमी को फंसाती है चालाक महिला

# धोखा, फरेब और हत्या, फिल्मी पर्दे पर दिखीं सोनम रघुवंशी जैसी खौफनाक कहानियां

***नई दिल्ली।*** *इंदौर के राजा और सोनम रघुवंशी की कहानी ने सबको हिला कर रख दिया है। पत्नी सोनम ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की, जिससे हर कोई दंग रह गया। इस तरह की घटनाएं फिल्मों में भी कई बार देखी गई हैं, जहां धोखा, साजिश और हत्या की कहानियां दर्शाई गई हैं। आइए जानते हैं ऐसी कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जिनमें हर मोड़ पर कुछ ऐसा ही धोखा और विश्वासघात मिलता है।*





**जिस्म :** साल 2003 की फिल्म 'जिस्म' भी पति की हत्या की साजिश पर आधारित है। यहां एक खूबसूरत और चालाक महिला अपने अमीर पति की हत्या करवाने के लिए अपने प्रेमी को फंसाती है। कबीर लाल नाम के वकील इस साजिश में फंस जाता है, लेकिन अंत में सच्चाई सामने आती है। यह फिल्म प्यार के बहाने किए गए अपराध और लालच की कहानी बयां करती है। इस फिल्म जॉन में अब्राहिम और बिपाशा बसु मुख्य किरदार में थे।

**कर्ज :** इसी तरह साल 1980 की मशहूर फिल्म 'कर्ज' में भी पति की हत्या की साजिश दिखाई गई थी। अमीर रवि वर्मा की अपनी पत्नी कामिनी द्वारा संपत्ति हड़पने के लिए हत्या कर दी जाती है। फिर कहानी पुनर्जन्म की अवधारणा के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां न्याय की तलाश में नया जन्म हुआ व्यक्ति साजिश का बदला लेता है। इस फिल्म में ऋषि कपूर, सिमी गरेवाल और टीना मुनीम जैसे कलाकार थे।



**लोग क्या कहेंगे :** फिल्म 'लोग क्या कहेंगे' (1982) सामाजिक ड्रामा है, जिसमें एक महिला के मानसिक संघर्ष और सामाजिक दबावों को दिखाया गया है। इसमें महिला अपने पति की हत्या तक कर देती है, लेकिन यह हत्या अधिकतर मानसिक असंतुलन और परिवार के तनाव के कारण होती है। शबाना आजमी ने इस फिल्म में दमदार अभिनय किया है, जो समाज की कठोर सोच और महिलाओं पर पड़ने वाले प्रभाव को दर्शाती है।




**फरेब :** साल 2005 में आई फिल्म फरेब में भी इसी तरह की कहानी को दिखाया गया था। इस इरोटिक थ्रिलर में शिल्पा शेट्टी, शमिता शेट्टी और मनोज बाजपेयी मुख्य भूमिका में थे। कहानी में एक डॉक्टर और उसकी पत्नी के रिश्तों में जब पड़ोसी महिला की एंट्री हो जाती है, तो अफेयर और धोखे की घटनाएं सामने आती हैं। जब पत्नी को पति की बेवफाई का पता चलता है, तो दोनों के बीच तनाव गहराता है और एक दिन अचानक पड़ोसी महिला की हत्या हो जाती है। इसके बाद जब एक-एक कर मामले की परतें खुलती हैं तो पैरों तले जमीन खिसक जाती है।

***समाज की जटिलताओं को करती हैं उजागर :*** *इन फिल्मों में पति की हत्या या हत्या की साजिश को अलग-अलग कारणों से दिखाया गया है, चाहे वह संपति का लालच हो, धोखा हो या फिर मानसिक संघर्ष। ये कहानियां समाज की जटिलताओं को पर्दे पर उजागर करती हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देती हैं कि रिश्तों में कभी-कभी कितनी गहराई और अंधेरा होता है।*

## खबर संक्षेप



### लहरोदा में जागरूकता कैंप आयोजित

**नारनौल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी के दिशा निर्देशानुसार मंगलवार गांव लहरोदा में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता कैंप का आयोजन किया। इस मौके पर पौधरोपण भी किया। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पैनल अधिवक्ता गिरिबाला यादव ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। पर्यावरण संरक्षण एक सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण न केवल जलवायु में संतुलन बनाए रखने का काम करता है बल्कि जीवन के लिए आवश्यक सभी चीजें भी प्रदान करता है।



### बाबा भैया का मेला एवं भंडारा आयोजित

**नारनौल।** अटेली तहसील के गांव कटकई में बाबा भैंया का मेला एवं भंडारा आयोजित किया गया। ग्रामवासियों ने प्रातः हवन यज्ञ में आहुति प्रदान कर भंडारा का शुभारंभ किया। महिला, पुरुष, युवक, वृद्ध सभी ने उत्साहपूर्वक बाबा भैंया मंदिर में धोक लगाकर मन्नत मांगी। वीरपाल भगत व जितेन्द्र चौहान ने कहा कि जो सच्चे मन से बाबा भैंया के दरबार में आता है उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है। इस दौरान प्रमुख समाजसेवी अतरलाल ने भंडारा में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया तथा बाबा भैंया के दरबार में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि मेले तथा भंडारे हमारी संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। इनसे आपसी भाईचारा व सौहार्द बढ़ता है।



### सिलाखाना में बंद मकान में चोरी, ले गए आभूषण

**नारनौल।** चोरों ने एक बार फिर शहर में बंद मकान को अपना निशाना बनाया है। फिलहाल सिटी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। मोहल्ला सिलाखाना निवासी विष्णु कुमार ने बताया कि वह मोहल्ला सिलाखाना गुरुनानकपुरा में रहता है। बीती रात को वह मकान में ताला लगाकर परिवार के साथ बाहर चला गया था। सुबह उन्हें सूचना लगी कि उनके मकान का बाहर का ताला टूटा हुआ है। अंदर देखा तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ मिला। देखने पर पाया कि चोरों ने उनके मकान से करीब 50 हजार रुपये नकद के अलावा दो सोने की बालियां, सोने के दो कानों के जोड़े के अलावा चांदी के गहने व एक एचपी का लैपटोप चुरा लिया।

## पुलिस टीम ने छिलरो बस अड्डे के पास की नाकाबंदी

# फर्जी नंबर प्लेट लगी बाइक चोरी की निकली, दो पकड़े

■ आरोपितों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल**

थाना निजामपुर की पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान साहिल वासी निजामपुर और ढाणी गरकटा तन बायल के रूप में हुई है। आरोपित चोरी की बाइक का प्रयोग कर रहे थे, जो सितम्बर 2024 में शहर में महेंद्रगढ़ रोड स्थित पॉवर हाउस से चोरी हुई थी। जिन्हें पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान चोरीशुदा बाइक के साथ पकड़ा और चोरी की बाइक को जब्त कर लिया। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

थाना निजामपुर की पुलिस टीम गश्त के दौरान छिलरो बस अड्डा पर मौजूद थी, टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक मोटर साइकिल पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाई हुई है, जिसका असल नम्बर कुछ ओर है, मोटर साईकल चोरी की हो सकती है, जिसपर दो लड़के नारनौल से निजामपुर की तरफ आ रहे हैं। अगर तुरंत नाकाबंदी की जाए तो मोटर साइकिल सहित काबू आ सकते हैं। सूचना के आधार पर टीम ने छिलरो बस अड्डा के पास नाकाबंदी कर चेकिंग शुरू कर दी, कुछ समय बाद नारनौल की तरफ से एक मोटर साइकिल आती दिखाई दी, जिसको रुकने का ईशारा किया तो मोटर साइकिल चालक अपनी मोटर साईकल को वापस मोड़कर भागने लगा। पुलिस ने मोटर साईकल चालक व पीछे बैठे लड़के को काबू किया जो मोटर साईकल पर लगी नम्बर प्लेट को चेक किया, जिनसे नामपता पूछने पर चालक ने अपना नाम नवीन वासी ढाणी गरकटा की तन बायल बताया व पीछे बैठे लड़के ने अपना नाम साहिल वासी बायल बताया। मोटर साईकल के कागजात मांगने पर वह कोई कागजात पेश नहीं कर सके। मोटर साईकल नम्बर से चेक करने पर असल मालिक दयाराम वासी ढाणी गरकटा की तन बायल पाया। मोटर साईकल के चेसिस नम्बर से चेक किया तो मोटर साइकिल का असल नम्बर अलग मिला, जिसका असल मालिक महेश वासी मेघोत बिन्जा पाया। मोटर साइकिल मालिक महेश के चाचा सीताराम से सम्पर्क हुआ तो पता लगा कि मोटर साइकिल 26 सितम्बर 2024 को महेंद्रगढ़ रोड नारनौल पॉवर हाउस से चोरी हुई थी, जिसकी थाना शहर नारनौल में एफआईआर दर्ज है।



**नारनौल।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित। **फोटो : हरिभूमि**

### पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया

पुलिस द्वारा मोटर साइकिल व पीछे बैठे युवक से अलग-अलग पूछताछ करने पर साहिल ने बताया कि मोटर साइकिल चोरी की है और वह उसके दोस्त से लाया था और बाइक पर उसके दोस्त नवीन की मोटर साइकिल की नम्बर प्लेट लगाकर चला रहे थे, ताकि पकड़े न जाए। पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया और आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# युवाओं से आए दिन हो रही ठगी

■ सीईटी के फार्म भरवाए जा रहे लेकिन सरकार इसमें भी विफल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल**

जननायक जनता पार्टी चौधरी देवीलाल की विचारधारा पर चलने वाली पार्टी है तथा हमारी पार्टी द्वारा प्रदेश स्तर एवं जिला स्तर पर जनहित के मुद्दों को उठाया जाएगा और प्रदेश के हित में लड़ाई लड़ी जाएगी। इसकी रूपरेखा तैयार हो चुकी है तथा आने वाली 15 जून से इसकी शुरूआत कर दी जाएगी। यह जानकारी जजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजकुमार खातोद ने सनप्लाजा होटल में आयोजित पत्रकारवार्ता में दी। इस मौके पर पत्रकारवार्ता के आयोजक जिला प्रवक्ता विजय सिंह छिलरो, पूर्व जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली, नारनौल हलका के प्रधान सुरेंद्र यादव, नांगल चौधरी के प्रभारी विनोद यादव भील, हलका अध्यक्ष एडवोकेट प्रमोद ताखर व अटेली हलका प्रधान बेदू राता आदि जजपा नेतागण भी मौजूद रहे।

जिला प्रधान ने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं का मजाक बनाकर रख दिया है और स्थाई नौकरियां देने की बजाए उन्हें विभिन्न झमेलों में उलझाए रखना चाहती है। बेरोजगार युवा इस सरकार में खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब वर्तमान में सीईटी के फार्म भरवाए जा रहे हैं, लेकिन प्रदेश सरकार इसमें भी विफल रही है। कभी इनकी वेबसाइट हेक कर ली जाती है तो कभी वह चलती ही नहीं। सरल पोर्टल भी फेल है और युवाओं के जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र तक नहीं बन रहे हैं।



**नारनौल।** पत्रकारवार्ता करते जजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार खातोद व नेतागण।

### यदुवंशी के गणित विभाग के पांच बच्चों ने यूनि. की टॉप-10 सूची पर किया कब्जा



**महेंद्रगढ़।** सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। **फोटो : हरिभूमि**

महेंद्रगढ़। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी की ओर से बीएससी मैथ ऑनर्स के छठे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। इस परीक्षा परिणाम यदुवंशी कॉलेज के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की टॉप-10 सूची में पांच स्थानों पर कब्जा किया। जिसमें मैथ ऑनर्स की छात्रा एकता पुत्री वीरेंद्र कुमार ने 94.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, कशिश जैन पुत्री मुकेश जैन 91.2 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा, आरती पुत्री श्रीभगवान ने 86.8 प्रतशत अंक लेकर छठा, मुस्कान पुत्री मुकेश ने 86.2 प्रतिशत अंक लेकर आठवां, अमिता सांगवान पुत्री अजय सांगवान ने 85.2 प्रतिशत अंक लेकर नौवा स्थान प्राप्त किया। संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि इन विद्यार्थियों की कठिन परिश्रम व समर्पण से इन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। संस्था वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉ. प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरुभान ने भी गणित विभाग के सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

### मातृशक्ति ने किया हवन और योग

**नारनौल।** पतंजलि योग समिति एवं लोक संस्कृति संरक्षण प्रकोष्ठ की ओर से लक्ष्मीबाई पार्क में मातृशक्ति ने हवन एवं योग का आयोजन किया। यज्ञ संयोजिका व प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ कृष्णा कुमारी आर्या ने बताया कि स्त्री सशक्तिकरण प्रकल्प के तहत उनके द्वारा माताओं बहनों को नियमित रूप से सुबह शाम योग करवाया जाता है और आज मातृशक्ति की योग कक्षा के दौरान पाक्षिक हवन का आयोजन किया गया। जिसकी समस्त व्यवस्था यज्ञ संरक्षक मिथलेश आर्या व सीमा यादव द्वारा की गई। मौके पर अर्जुनदत मास्टर, सुदेश यादव, सीमा यादव, उषारानी, सरोज कश्यप, सपना गुप्ता, मिथलेश यादव, पूनम, सरिता, सुरेश,सुमन, कौशल्या आदि उपस्थित रहे।

## किसानों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

■ विकसित कृषि संकल्प अभियान का 12वां दिन

**महेंद्रगढ़।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा तीन टीम का गठन कर विकसित कृषि संकल्प अभियान 12वें दिन भी रहा। टीम ने अमरपुर जोरासी, टहला, हसनपुर, नांगल पीपा, नांगलनुनिया, भुंगारका, भालखी, दौंगड़ा जाट व मुंडिया खेड़ा गांव का दौरा किया। टीम-1 का नेतृत्व जिला विस्तार विशेषज्ञ (पौध रोग) डॉ. नरेंद्र यादव व जिला विस्तार विशेषज्ञ (गृह विज्ञान) ने खरीफ फसलों की उन्नत कृषि क्रियाओं, उन्नत किस्म, बिजाई का समय व तरीका, खादों का संतुलित मात्रा में प्रयोग तथा खरपतवार नियंत्रण के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने किसानों को खरीफ फसलों की एमएसपीव चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयास के बारे में जानकारी दी।



**महेंद्रगढ़।** किसानों को जानकारी देते विशेषज्ञ। **फोटो : हरिभूमि**

## हवन एवं गीता पाठ आयोजित

■ श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता संगठन की ओर से कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल**

परम पूज्य गुरुदेव गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की सद्प्रेरणा से मंगलवार को प्रातः 7:15 बजे सुरेंद्र यादव व निवेदिता यादव के निवास स्थान मौहल्ला शिवाजी नगर में श्री गीता जी का हवन एवं पाठ किया गया। संस्था के संचालक डा. अशोक कुमार आहूजा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बताया हवन के उपरांत सुरेंद्र सैनी के द्वारा गणेश वंदना करते हुए पाठ का शुभारंभ किया गया। हरि शरणम संकीर्तन चेतन जिंदल जी ने, ओम नमो भगवते वासुदेवाय राधिका सैनी, भगवत स्तुति गीता मंत्र सुनीता ने, श्रीकृष्ण कृपा अमृत मास्टर शिव हरी, भक्ति योग 12वां अध्याय मास्टर सुरेश ने, अष्टादश श्लोकी सुरेंद्र यादव, नौश्लोकी पाठ वासुदेव खुराना, विश्व शांति सद्भाव प्रार्थना निवेदिता यादव ने। अंत में गीता जी की मंगलमय आरती और प्रसाद वितरण के साथ पाठ का समापन किया गया। इस मौके पर गोपाल नंबरदार, शिव प्रकाश, ओमप्रकाश नागर, महेश सोनी, प्रवीण, प्रेम आजाद, सुनील, नरेंद्र, वासुदेव सिंघल व बजरंग शुक्ला आदि भक्तजन उपस्थित रहे।



**नारनौल।** हवन एवं गीता पाठ में भाग लेते श्रद्धालु। **फोटो : हरिभूमि**

## बिजली निगम कार्यालय में सेवानिवृत्ति पर कार्यक्रम

**महेंद्रगढ़।** दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम कार्यालय से राजेंद्र शर्मा ने अपनी सेवा काल के 45 वर्ष पूरे कर सेवानिवृत हो गए हैं। इस उपलक्ष्य में निगम के कर्मचारियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया हैं, जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता जेई जितेंद्र कुमार व मंच संचालन दीपक यादव ने किया। दीपक यादव ने बताया कि राजेंद्र शर्मा दादा के नाम जाने जाते हैं।

इस अवसर पर सब यूनिट प्रधान अनिल यादव लाईन मैन, जयसिंह सोनी नांगल सिरोही, ओमप्रकाश यादव, सतीश कुमार जेई, अमरजीत जेई, अमीर सिंह जेई, नवीन कुमार जेई, मुकेश जेई, संजय कुमार, रामसिंह सैनी, हितेश कुमार शर्मा लाईनमैन, धर्मवीर यादव, दिनेश कुमार, नीलम लाईन मैन, संगीता, रविंद्र यादव फोरमैन, सुरेंद्र यादव, दुलारी फोरमैन, गोरीशंकर फोरमैन, संदीप, अजय, दिपक, मोनू, मुकेश, अंकित आसोदिया, रविकांत, विनोद, हरेंद्र, करतार आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।



**महेंद्रगढ़।** राजेंद्र शर्मा को सम्मानित करते हुए। **फोटो : हरिभूमि**

## टूनार्मेंट में आरपीएस की टीम बनी उपविजेता

■ नॉर्थ जोन सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूनार्मेंट में दिखाई प्रतिभा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़**

सीबीएसई द्वारा आयोजित नॉर्थ जोन सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूनार्मेंट में आरपीएस स्कूल की टीम उपविजेता रही। इससे पहले भी विद्यालय की टीम स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया यानी एसजीएफआई द्वारा मई माह में आयोजित सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में उप विजेता रही थी। विद्यालय की फुटबॉल टीम की इस उपलब्धि पर आरपीएस गुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव, प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने सभी खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को बधाई दी। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस विद्यालय बच्चों के सर्वांगींण विकास के लिए कृतसंकल्पित है। सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि विद्यालय में बच्चों को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए उचित मंच प्रदान किया जाता है। यही कारण है कि विद्यालय के बच्चे प्रदेश व देश की टीम में शामिल होकर अपना, अपने विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने सभी बच्चों खेलों के महत्व के बारे में बताते हुए उन्हें रुचि के अनुसार एक खेल को अवश्य अपनाने के लिए प्रेरित किया।



**महेंद्रगढ़।** ट्राफी के साथ आरपीएस के खिलाड़ी। **फोटो : हरिभूमि**


### प्रशिक्षकों को बधाई

प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने टीम व प्रशिक्षकों को बधाई दीं। खेल एचओडी राजकुमार यादव ने बताया कि यह टूनार्मेंट पांच से आठ जून तक पंजाब में आयोजित हुआ जिसमें हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, जम्मू कश्मीर की टीमों ने भाग लिया। यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता है जिसमें फाइनल में आरपीएस स्कूल का देवेंद्रा पब्लिक स्कूल अमृतसर के बीच कांटे का मुकाबला देखने को मिला। प्रतियोगिता में आरपीएस उपविजेता रहा। मौके पर उप प्राचार्य दिनेश कुमार, डीन एलएन गोड़, पवन तिवारी, विंग हैड देवेन्द्र पुनिया, जिले सिंह, अमित कुमार, साक्षी मलिक, अनिता अहलावत ने समस्त टीम व उनक प्रशिक्षण जितेंद्र, धर्मवीर, राकेश, जगदीश, विक्रम, सज्जन, नीरज, संजू, सुनीता, सुमन, सुमिता को बधाई दी।

## सुरेंद्र भाजपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल**

शहर के मोहल्ला महल निवासी सुरेंद्र नारनौलिया को भाजपा अनुसूचित जाति-जनजाति विकास परिषद का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश महामंत्री डा. रघुनाथ विश्वप्रेमी की ओर जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि सुरेंद्र नारनौलिया के सामाजिक कार्यों को एवं उनके विशेष योगदान को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मांगरिया की सहमति से हरियाणा की कोर कमेटी द्वारा जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया जाता है। आशा है कि वह संगठन के उद्देश्यों के प्रति कर्तव्यनिष्ठा के साथ जिम्मेदारी का निर्वाह करेंगे। अपनी नियुक्ति के सुरेंद्र नारनौलिया ने प्रदेश अध्यक्ष चित्र कुमार सभरवाल, विधायक ओमप्रकाश यादव, राज्यसभा सांसद किरण चौधरी, सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी, एससी प्रकोष्ठ के नेता बाबूलाल मुंडिया खेड़ा, भाजपा महिला जिलाध्यक्ष भारती सैनी, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी एवं पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है।



सुरेंद्र नारनौलिया।

### फायर केस में मुख्य आरोपित गिरफ्तार



**नारनौल।** नांगल चौधरी में कैफे पर फायर करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना नांगल चौधरी की पुलिस टीम ने मुख्य आरोपित लोकेश वासी नांगल सोडा को गिरफ्तार किया है। आरोपित को पुलिस रिमांड पर लिया गया है, पुलिस द्वारा आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

दीपक वासी गांव कमानिया ने थाना नांगल चौधरी में दी शिकायत में बताया कि ब्रदर्स कैफे के नाम से बहरोड़ नांगल चौधरी रोड पर सतीश दहिया कॉलेज के पास उसने दुकान कर रखी है। दोपहर करीब दो बजे के आस–पास वह अपनी दुकान के बाहर खड़ा हुआ था, बहरोड़ की तरफ से मोटर साइकिल पर तीन लोग आए। जिन्होंने मोटर साइकिल उसके दुकान के सामने से वापिस बहरोड़ की तरफ घुमा ली और लक्की ने मोटर साइकिल से नीचे उतरकर जान से मारने की नियत से उसके ऊपर गोली चला दी, जो गोली शिकायतकर्ता के पास से होते हुए के शीशे में जाकर लगी।

## रास लीला व गोवर्धन पूजा प्रसंग सुनाकर किया भावविभोर

■ हमें गोपियों की तरह निष्काम भाव से परमेश्वर का स्मरण करते हुए

**नारनौल।** कनीना क्षेत्र के गांव भोजावास में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथावाचक व्यास आचार्य दामोदर दास महाराज ने रास लीला तथा गोवर्धन पूजा प्रसंग की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा प्रेरणा पुंज है। इसका हर प्रसंग प्रेरणा देता है। यदि हम गोपियों की तरह निष्काम भाव से परमेश्वर का स्मरण करते हुए कार्य करें तो उसका आनंद और ही है और वह सफल कार्य होता है। इस बीच समाजसेवी बसपा नेता अतरलाल ने कथा सुनी और उन्होंने आचार्य दामोदर दास महाराज को शाल ओढ़ाकर तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर राष्ट्र गौरव अवार्ड से सम्मानित किया। इस मौके पर विजय कुमार सेठ, प्रवीण शर्मा, संतलाल शर्मा, लालाराम शर्मा, योगेन्द्र सेठ, भाग सिंह चेयरमैन, रणवीर सिंह, मीना देवी, सविता, सरोज, कमला, मीरा, राकेश, मदन आदि सैंकड़ों श्रद्धालुओं उपस्थित थे।



**नारनौल।** कथावाचक व्यास आचार्य दामोदर दास महाराज को सम्मानित करते प्रमुख समाजसेवी अतरलाल।

**मुहिम** राजकीय महाविद्यालय में चलाया गया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

# नशे के खिलाफ हमें एकजुट होकर आवाज बुलंद करनी चाहिए: डॉ पूर्ण

राजकीय महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस एवं नशामुक्ति क्लब की ओर से कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल**

राजकीय महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस एवं नशामुक्ति क्लब की ओर से नशा मुक्ति जागरूकता रैली कॉलेज परिसर से राजीव चौक, अनाज मंडी, नागरिक अस्पताल से अग्रसेन चौक से वापस और फिर रेलवे स्टेशन तक निकाली गई। यूथ रेडक्रॉस और नशामुक्ति क्लब के नोडल अधिकारी डॉ चंद्र मोहन ने बताया कि प्रदेश सरकार, प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग से कंधा से कंधा मिलाकर विधार्थियों और जन-मानस को नशा मुक्त समाज की दिशा में जागरूक करने के उद्देश्य को लेकर मंगलवार को यूथ रेडक्रॉस व नशा मुक्ति प्रकोष्ठ द्वारा जन जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही साथ विद्यार्थियों को नशा मुक्ति जागरूकता शपथ भी दिलाई गई। इस रैली को जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ पूर्ण प्रभा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी व प्राचार्य डॉ पूर्ण प्रभा ने विद्यार्थियों को बताया कि नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके खतरों से परिचित कराना ही नशा मुक्ति की ओर महत्वपूर्ण कदम है। हम सब मिलकर नशे के खिलाफ एकजुट होकर आवाज बुलंद करनी चाहिए तथा समाज को इस दुष्प्रभावी समस्या से मुक्त कराने का प्रयास करें। उपप्राचार्य डॉ जगजीत सिंह मोर ने विधार्थियों से कहा कि नशे से दूर रहकर ही हम अपने शरीर, मस्तिष्क और आत्म सम्मान की रक्षा कर सकते हैं। तत्पश्चात जागरूकता रैली महाविद्यालय कुलसचिव डॉ सत्य पाल सुलोदिया और रेडक्रॉस से आएं डिविजन कमांडर टेक चंद यादव द्वारा और विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न नारों से जागरूकता फैलाई गई। महाविद्यालय के बाहर झुग्गियों झोपड़ियों, में श्रम कार्य में लगे हुए श्रमिकों और दुकानदारों, व्यापारियों से नशे करने के दुष्प्रभावों को बताते हुए उनसे इस आदत को छोड़ने की अपील की गई। इस मौके पर डॉ महेंद्रमुदगिल, डॉ सतीश सैनी, डॉ विजय गौड़, डॉ विजेंदर, डॉ ध्वनित सैनी औफ स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



**नारनौल।** जागरूकता रैली में हिस्सा लेते हुए। **फोटो : हरिभूमि**

**सूचना**

मैं, मुकेश पुत्र श्री रामनिवास निवासी गांव खासपुर तहसील नारनौल जिला महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरा पुत्र गजानन्द शर्मा उसकी पत्नी सैफु शर्मा, दूसरा पुत्र हिमांशु व उसकी पत्नी मेघा शर्मा और विकास तथा उसकी पत्नी पुजा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



नारनौल। भोजन सेवा करते राव बहादुर सिंह एवं रोटरियन।

### पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह रसोई पर की भोजन सेवा

**नारनौल।** नांगल चौधरी के पूर्व विधायक एवं यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने अपने जन्मदिन के अवसर पर मंगलवार को रोटरी रसोई पर जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित कर सेवा की। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा लंबे समय से जन जन की सेवा में यह नेक कार्य कर रहा है। अपने किसी भी विशेष दिवस पर यहां लोगों की सेवा करने से आत्मिक सुकून की प्राप्ति होती है। सभी जागरूक लोगों को अपनी ओर से यथायोग्य सहयोग कर इस नेक कार्य में अपना योगदान देना चाहिए और लोगों की सेवा के साक्ष्य बनें।



कनीना। तहसीलदार संजीव नागर को ज्ञापन सौंपते करीरा के ग्रामीण।

### रास्ते को पक्का करवाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कनीना।** कनीना विकास खंड के गांव करीरा में रास्ते को पक्का करने की मांग को लेकर सामाजिक संगठन के सदस्यों ने मंगलवार को तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। भूतपूर्व सैनिक व अर्धसैनिक कल्याण संघ के सदस्यों ने ज्ञापन में कहा कि कच्चे रास्ते में बरसात का पानी जमा हो जाता है। जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि मानसून से पूर्व रास्ते को पक्का करवाया जाए। तहसीलदार संजीव नागर ने कहा कि उचित माध्यम से उनके ज्ञापन को उच्च अधिकारियों के पास भेज दिया जाएगा। इस मौके पर वेदप्रकाश, सुमेर सिंह, विक्रम सिंह, रामवअतार, सतबीर, बिरेंद्र, गणपत, गजेसिंह, जगदीश, सुभाष चंद, विनोद कुमार उपस्थित थे।

### टूटी संपर्क सड़क का नहीं हुआ निर्माण

**कनीना।** जिले के अंतिम छोर पर बसे सीमावर्ती गांव गाहड़ा से कनीना को जाने वाला सड़क मार्ग जगह-जगह से टूट चुका है, जिससे यात्रियों व ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे में बव्वा निवासी सुरेंद्र सिंह यादव, सुरेश कुमार, सौरभ यादव, राजीव यादव, राजेश, पूर्व उप सरपंच रामौतार यादव, संतोष नम्बरदार, पूर्व सरपंच ईश्वर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से सभी सड़क मार्ग 15 जून 2025 तक दुरूस्त किए जाने की घोषणा की गई थी, जो अब तक मात्र घोषणा ही बनी हुई है। गाहड़ा महेंद्रगढ़ जिले के पूर्वोत्तर दिशा का अंतिम छौर का गांव है जबकि उसके साथ लगता बव्वा रेवाड़ी जिले का गांव है। दोनों जिलों के दर्जनभर गावों को जोड़ने का सुगम मार्ग है, इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते है कनीना से गाहड़ा होते हुए ये मार्ग झज्जर, रोहतक, पानीपत व चण्डीगढ़ जाने वाले यात्रियों के लिए छोटा मार्ग है।

# माता मसानी की ओर जाने वाले मार्ग पर चबूतरे पर चला पीला पंजा

- महेंद्रगढ़ में नगर पालिका ने अवैध निर्माण पर की कार्रवाई
- इस दौरान दुकानदारों ने भी कोई एतराज नहीं जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ



महेंद्रगढ़। चबूतरे तोड़ती जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका की ओर से मंगलवार को अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला हैं। शहर के माता मसानी की ओर जाने वाले बाजार से अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर पालिका ने कार्रवाई की हैं। कई दुकानदारों ने अपने आप अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया। दोपहर दो बजे के बाद नपा के कर्मचारी जेसीबी मशीन के साथ भगवान परशुराम चौक पहुंचे। जेसीबी मशीन ने दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर गए चबूतरे हटाए गए। इस दौरान जेसीबी मशीन की सहायता से मलबा हाथों-हाथ उठाया गया। जिससे किसी प्रकार की परेशानी आने-जाने वाले राहगीरों को नहीं हुई। इसके अलावा नगर पालिका की ओर से कोई अधिकारी मौके पर नहीं था। एक-दो कर्मचारियों की ओर से ही यह कार्रवाई की गई। इस दौरान दुकानदारों ने भी कोई एतराज नहीं जताया। बता दें कि कॉलेज मोड से लेकर मसानी चौक तक शहर का मुख्य बाजार का रास्ता है। लंबे समय से अतिक्रमण के कारण इस व्यस्त मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहती थी और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब नगर पालिका प्रशासन की ओर से लगभग दो करोड़ 81 लाख रुपये से रोड बनाया जा रहा हैं। इस रोड को लगभग 30 फुट चौड़ा किया जा रहा। पालिका प्रशासन रोड के बीच में आने वाले अतिक्रमण को हटवा रहा है। वह पिछले छह-सात दिनों से इस कार्रवाई में जुटा हुआ है। मंगलवार को लगभग दो बजे के बाद बजे नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। जेसीबी मशीन ने एक के बाद एक बाहर पर बने सभी चबूतरा को तोड़ दिया। यह मार्ग दो महाविद्यालय, मॉडल संस्कृति स्कूल, 148-बी से जोड़ता हैं। इसके अलावा यह मार्ग 50 से अधिक गांवों को शहर से जोड़ता है। दिनभर इस मार्ग से हजारों की संख्या में वाहन गुजरते हैं। टूटी सड़क के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस मार्ग पर 500 से अधिक दुकान हैं, जिसके कारण आमजन, दुकानदारों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के लोगों की माने तो करीब 20 वर्ष पहले इस मार्ग पर सड़क का निर्माण हुआ था। इसके बाद नगर पालिका ने इस मार्ग की कभी सुध नहीं ली। सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद लोगों को काफी फायदा मिलेगा। इस मार्ग को पुराने नारनौल रोड के नाम से जाना जाता हैं। इस मार्ग पर शहर के मुख्य बाजार भी लगता हैं। इसके अलावा नारनौल से रेवाड़ी की जाने का भी सबसे छोटा रास्ता हैं। इस मार्ग पर मसानी चौक, पाठशाला रोड, परशुराम चौक, बास मोहल्ला, सैनीपुरा, गुर्जरों की ढ़ाणी में हजारों की संख्या में लोग रहते हैं। टूटी सड़क के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस मार्ग पर पांच-छह फीट की दूरी पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं। इसके अलावा बाजार में किए गए अतिक्रमण के चलते दिनभर बाजार में जाम की स्थिति रहती है। जाम के कारण बाजार में आने वाले ग्राहको को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। दो किलोमीटर लंबे इस मार्ग का सफर तय करने में वाहनों का आंधे घंटे का समय लग जाता है। अतिक्रमण हटने के बाद राहगीरों को आवागमन में काफी सुविधा होगी।

**क्या कहते हैं प्रधान**

नगर पालिका के प्रधान रमेश सैनी ने बताया कि नगर पालिका द्वारा मंगलवार को माता मसानी की ओर जाने वाले मार्ग का अतिक्रमण हटाया गया हैं। अतिक्रमण के कारण बाजार में जाम की स्थिति रहती है। अतिक्रमण हटने के बाद सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर निर्माण कराया जाएगा। इससे दुकानदारों को भी फायदा मिलेगा।


## अब तक 176 अवैध कनेक्शन काटे, खेत में हो रही थी सिंचाई

# पेयजल बर्बाद करने वाले 9 कनेक्शन को विभाग की टीम ने कर दिया बंद

बढ़ती गर्मी में जन जागरूकता अभियान की बढ़ी महत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा





नारनौल। अवैध कनेक्शन काटती विभाग की टीम व खुदाई करती मशीन।

चिलचिलाती गर्मी में बढ़ती पेयजल की मांग ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान की महत्ता को और अधिक बढ़ा दिया है। माननीय जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री के निर्देशानुसार यह अभियान गत माह से प्रदेशभर में जारी है।

गांवों और शहरों में अनेक उपभोक्ता ऐसे हैं, जो पेयजल का उपयोग पीने के अलावा बगीचों की सिंचाई, यहां तक कि खेतों की सिंचाई के लिए भी कर रहे हैं।

वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से बूस्टिंग स्टेशन तक पानी पहुंचाने के लिए जो मैन लाइन बनाई गई है, उसमें कई उपभोक्ताओं ने मनमाने ढंग से सुराख कर अवैध रूप से कनेक्शन ले रखे हैं। इसके कारण गांवों की सप्लाई के लिए बने बूस्टरों में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच पाता। विशेष रूप से निजामपुर और नांगल चौधरी क्षेत्र के राजस्थान सीमा से सटे गांवों के बूस्टरों में बहुत कम दबाव से पानी पहुंचता है। इसका मुख्य कारण मैन लाइन में लिए गए अवैध कनेक्शन हैं। इन्हीं कनेक्शनों को बंद करने के लिए विभाग द्वारा बीते एक माह से लगातार अभियान चलाया जा रहा है, ताकि अंतिम छोर पर बसे गांवों तक सुचारु रूप से पेयजल पहुंच सके।

जानकारी देते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार मंगतु राम सरसवा ने बताया कि जिले के प्रत्येक खंड में टीमों का गठन किया जा चुका है। पेयजल को लेकर सबसे अधिक समस्या निजामपुर, नारनौल और नांगल चौधरी के अंतिम छोर पर बसे गांवों में है।

**इन समस्याओं की जड़**

वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और बूस्टर की मैन लाइन के समीप बसी फैक्ट्रियां, होटल, पार्क व रेस्टोरेंट, जिन्होंने बिना विभागीय अनुमति के मैन लाइन में अवैध रूप से कनेक्शन ले रखे हैं।

**जेसीबी बुला धनौता रोड पर चलाया अभियान**

मैन लाइन में लगे अवैध कनेक्शन काटने हेतु कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार दहिया ने जेसीबी बुलवाकर धनौता रोड पर अभियान चलाया, जिसमें सड़क खुदवाकर मैन लाइन से पांच अवैध कनेक्शन हटाए गए। उन्होंने बताया कि चोरी-छिपे मैन लाइन से कनेक्शन लेने वालों के कारण जहां गांवों को पेयजल संकट झेलना पड़ रहा है, वहीं विभाग को इन्हें हटवाने के लिए अतिरिक्त मेहनत और व्यय करना पड़ रहा है। इसी क्रम में जेई एनपी रंगा की अगुवाई में जाटगुवाना गांव में चार अवैध कनेक्शन हटाए गए, जो जल की बर्बादी का कारण बन रहे थे। इसके अलावा सैदपुर, बसई, पड़तल और ढाणी कुम्हारान गांवों में भी जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत पेयजल कनेक्शनों का निरीक्षण किया गया। कुल 136 पेयजल कनेक्शनों का निरीक्षण किया गया। जिले में अब तक विभागीय टीमों द्वारा कुल 176 अवैध कनेक्शन काटे जा चुके हैं। इस मौके पर बीआरसी अशोक कुमार, धर्मेंद्र, विक्रम सिंह, पूजा रानी, मोहित कुमार तथा फिटर स्टाफ की टीम उपस्थित रही।

**हो रही थी सिंचाई**

कई उपभोक्ता तो इन कनेक्शनों से खेती की सिंचाई करते पाए गए हैं। बता दें कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग केवल पीने के पानी की आपूर्ति करता है, न कि कृषि कार्यों के लिए। खेती की सिंचाई के लिए राज्य सरकार द्वारा अलग विभाग गठित किया गया है। जिला सलाहकार ने कहा कि बढ़ती गर्मी और पेयजल की मांग को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक उपभोक्ता को अपने पेयजल कनेक्शन पर टोंटी अवश्य लगानी चाहिए। ओवरहेड टैंक पर वाटर अलार्म लगवाना चाहिए और जल का अत्यधिक उपयोग न करते हुए आवश्यकता अनुसार ही प्रयोग करना चाहिए। जल पुनः उपयोग, संरक्षण और वर्षा जल संग्रहण तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता है।



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते सीटीएम मंजीत कुमार।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग मैराथन 15 को होगी

- आईटीआई नारनौल से नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम तक युवा देंगे "योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा" का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा/" अभियान के तहत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में आगामी 15 जून को आईटीआई से नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम तक योग मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर मंगलवार नगराधीश डॉ मंजीत कुमार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली तथा जिम्मेदारियां तय की।

सीटीएम ने बताया कि योग मैराथन सुबह 6:30 बजे आईटीआई मैदान से शुरू होगी। यह दौड़ महावीर चौक, हीरो होंडा चौक तथा निजामपुर रोड होते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में पहुंचेगी। उन्होंने इस रूट पर ट्रैफिक पुलिस की उपयुक्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि युवाओं को दौड़ते समय कोई बाधा ना आए। इस दौरान एक तरफ का रूट कुछ देर के लिए बंद रहेगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक एंबुलेंस की भी व्यवस्था रहेगी। इस कार्यक्रम के दौरान स्कूल, कॉलेज, आईटीआई तथा पॉलिटेक्निक के बच्चे योग का संदेश देंगे।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस रेडक्रॉस युवा भारत तथा खेल विभाग की ओर से भी युवाओं की भारी संख्या में भागीदारी रहेगी इसके अलावा उन्होंने सभी विभागों के एचओडी को निर्देश दिए कि वे इस कार्यक्रम में अपने 10-10 लोगों के स्टाफ सहित मौजूद रहें। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दोनों कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई की विशेष व्यवस्था की जाए। रास्ते में पेयजल के लिए जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस बैठक में डीएसपी सुरेश कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार तथा आयुष विभाग से डॉ सतीश कुमार के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए डॉ. भंवर को बनाया हरियाणा राज्य का संयोजक

- भंवर सिंह को जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



डॉ. भवर सिंह

आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी पूरजोर से चल रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आगेर्नाइजेशन, सूर्या फाउंडेशन और आयुष मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा हरियाणा राज्य में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए वरिष्ठ योग प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. भंवर सिंह कसाना को हरियाणा राज्य का संयोजक नियुक्त किया गया है। यह जिम्मेदारी डॉक्टर भंवर सिंह के योग प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए दी गई है। डॉ. भंवर सिंह को ये जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। डॉ. भंवर सिंह पिछले दो दशक से स्वामी ब्रह्मानंद प्राकृतिक चिकित्सालय एवं योग ट्रस्ट महेंद्रगढ़ में बतौर मुख्य योग प्राकृतिक चिकित्सा प्रभारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। डॉ. भंवर सिंह ने बताया कि योग दिवस के सफल आयोजन के लिए और उनके सहयोग के लिए अनुभवी योग प्राकृतिक चिकित्सकों को हरियाणा में चार क्षेत्रीय सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई हैं। यमुनानगर से डॉ. निशा सैनी, सिरसा से डॉ. लोकेश वधवा, मेवात से डॉ. विजाता आर्या और रेवाड़ी से योग आचार्य डॉ. धर्मवीर यादव सलोनी को यह जिम्मेदारी दी गई है। हरियाणा में चार जगह बड़े कार्यक्रम होंगे जिसमें डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर की नियुक्ति की जाएगी। इन सभी जिला संयोजकों को विशेष योग प्रशिक्षण और दिशा-निर्देश दिया जाएगा। इसके बाद सभी जिला संयोजक अपने-अपने जिले में खंड स्तर पर और ग्राम स्तर पर योग दिवस के सफल आयोजन के लिए योग शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। डॉ. कसाना ने इसका श्रेय संस्था के प्रधान कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा व ट्रस्ट की समस्त कार्यकारणी और इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आगेर्नाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनंत बिरादर एवं इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आगेर्नाइजेशन के राज्य अध्यक्ष डॉ. मदन मानव व अपने सहयोगी मित्रों को दिया है।

# योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम

- प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन योग को जन-जन तक पहुंचाने को संकल्पबद्ध : डीसी डॉ विवेक भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान योग करते डीसी डॉ विवेक भारती।

उपायुक्त डॉ विवेक भारती ने कहा कि हरियाणा सरकार तथा जिला प्रशासन महेंद्रगढ़ योग को जन-जन तक पहुंचाने और नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाने के लिए संकल्पबद्ध है। हमारा लक्ष्य है कि हर नागरिक स्वस्थ जीवनशैली को अपनाए ताकि समाज प्रगति की नई उंचाइयों को छू सके। डीसी मंगलवार बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज पटीकरा में आयोजित योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में आयुष विभाग के सभी चिकित्सक तथा स्टाफ ने योग प्रोटोकॉल के तहत योगिक क्रियाएं की।

उपायुक्त ने कहा कि 21 जून को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूरी दुनिया एक साथ योग करेगी। मौके पर उपायुक्त ने आयुष विभाग द्वारा तैयार किए गए सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी खिंचवाई। इसके अलावा उन्होंने मेडिकल कॉलेज के प्रांगण में पौधारोपण भी किया। मौके पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ शशी बाला, डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ पंकज कौशिक, डॉ सतीश कुमार, डॉ ललित मोहन जोशी डॉ अनिल, डॉ भूपेंद्र के अलावा विभिन्न चिकित्सा तथा स्टाफ मौजूद थे।

### बिजली निगम की अनदेखी व लापरवाही चिंता जनक

मंडी अटेली। बिजली उपभोक्ता मंच हरियाणा के ब्लाक अटेली मण्डी के प्रधान डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने एक प्रेस नोट जारी कर बताया बिजली निगम द्वारा बिल जमा कराए जाने के बाद भी अगले माह जुर्माना और पुरानी राशि जोड़कर गलत बिल भेजना, गलत रीडिंग दर्ज कर देना, समय पर बिजली बिल नहीं भेजना, बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का समयपर निस्तारण नहीं करने जैसी परेशानियां बिजली उपभोक्ताओं के लिए भारी परेशानी का सबब बन गई है। अब आए दिन समाचार पत्रों में बिजली जैसी आवश्यक सेवा में बिजली निगम की अनदेखी वलापरवाही गम्भीर चिन्ता जनक है। वहीं सागरपुर में आंधी में टूटीं कृषि लाइन 20 दिन से ज्यादा समय होने पर भी ठीक नहीं हुई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुडा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## ठेकेदारी प्रथा में दी गई सेवाओं को एचकेआरएन में नहीं जोड़ने से जॉब गारंटी से वंचित

# निष्काषित कर्मियों ने विधायक से लगाई गुहार, अनदेखी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी



नांगल चौधरी। विधायक मंजू चौधरी को ज्ञापन सौंपती हुई मैकेनिक वर्करज यूनियन।

सिंचाई, जनस्वास्थ्य व पीडब्लूडी विभाग की मैकेनिकल वर्करज यूनियन ने नांगल चौधरी की विधायक मंजू चौधरी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें विभागीय अधिकारियों पर ठेकेदारों की मार्फत विभाग को दी गई सेवाएं एचआरकेएन में नहीं जोड़ने पर आक्रोश जताया है। कहा कि विभागीय लापरवाही से हजारों कर्मचारी जॉब गारंटी से वंचित रह गए। साथ ही उन्होंने वेतन विसंगतियों को दूर करने की गुहार लगाई है।

उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जनवरी 2025 में मुख्यमंत्री से मुलाकात की गई थी, जिसमें एचआरकेएन कर्मचारियों की जॉब गारंटी की समस्या का मुद्दा उठाया गया था। उस दौरान मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों से तालमेल करके समाधान निकालने का आश्वासन दिया था। बावजूद बीते दिनों एचआरकेएन कर्मचारियों के जॉब गारंटी संबंधी दस्तावेजों में अनियमिताएं बरती गई हैं। हजारों कर्मचारियों ने शुरूआती चरण में ठेकेदारों के आधीन काम किया था, तथा उन्हें वेतन भी ठेकेदारों ने बैंक की मार्फत मुहैया कराया है। लेकिन अधिकारियों ने जॉब गारंटी के दस्तावेजों में ठेकेदार के आधीन की गई सर्विस को शामिल नहीं किया। इसके अलावा 2006 में एमपीडब्लू कर्मचारी भर्ती किए गए थे, जिन्हें 20 साल से वहीं पुराना वेतन मिल रहा है। वेतन बढ़ाने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर को ज्ञापन सौंपा गया था, उस दौरान सीएम ने विभागीय कमेटी बनाकर समाधान निकालने का आश्वासन दिया था। लेकिन आश्वासन को तीन साल बीतने के बावजूद समस्या यथावत बनी हुई है। मार्च 2025 में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का 440 वेतन काटा गया था, जिसकी एवज में रिटायरमेंट के दौरान विशेष सुविधाएं देने का भरोसा दिया था, लेकिन सुविधाएं क्या मिलेंगी यह क्लीयर नहीं हुआ है। बीते दिनों 49 कच्चे कर्मियों को निष्काषित कर दिया है।

**पारदर्शिता होना जरूरी**

विधायक मंजू चौधरी ने कहा कि कच्चे कर्मचारियों को वेतन बहुत कम मिलता है, जबकी इन्हें काम नियमित कर्मियों से समान सौंपा जाता है। बीते सत्र में सरकार ने जॉब गारंटी विधेयक को सदन से मंजूर कराया था, लेकिन इसे लागू करने में भेदभाव और अनियमिताएं बरतना चिंताजनक है। पीड़ित कर्मचारियों की सभी मांगे वाजिब हैं सदन की मार्फत सरकार को अवगत कराया जाएगा।